एमआईडीसी स्टेशन की खुदाई का काम पूरा

मेट्रो 3 निर्माण ने पकड़ी रफ्तार

Pankaj.Pandey
@Timesgroup.Com

■ **मुंबई :** मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (एमएमआरसी) ने मेट्रो 3 के निर्माण की रफ्तार बढ़ा दी है। एमआईडीसी स्टेशन की खुदाई का काम बारिश के पहले पूरा कर लिया है। यह स्टेशन जमीन से 20 मीटर नीचे होगा। 240 मीटर लंबे, 21 मीटर चौड़े इस स्टेशन के लिए बॉक्स के आकार में खुदाई की गई है। स्टेशन के बेस स्लब का काम भी 80 प्रतिशत तक पूरा कर लिया गया है। दो मंजिला स्टेशन का निर्माण कट ऐंड कवर तकनीक से किया जा रहा है। जहां जमीन के भीतर मेट्रो दौड़ेगी, वहीं ऊपर के परिसर का इस्तेमाल अन्य कार्यों के लिए किया जाएगा। ग्राउंड फ्लोर पर प्लैटफॉर्म तैयार किए जाएंगे, पहली मंजिल पर टिकट घर व सुरक्षा जांच की व्यवस्था होगी। दूसरी मंजिल का उपयोग व्यवसायिक इस्तेमाल के लिए किया जाएगा। प्लैटफॉर्म तक आसानी से पहुंचने के लिए एक्सलेटर और लिफ्ट की भी व्यवस्था स्टेशन पर होगी।

इनसे होगा कनेक्ट
- महाराष्ट्र पासपोर्ट मुख्यालय
- उद्योग सारथी भवन
- आकृति बिज हब

240 मीटर लंबा,
21 मीटर चौड़ा स्टेशन
जमीन से **20** मीटर नीचे



पहला स्टेशन

एमआईडीसी मेट्रो 3 कॉरिडोर का पहला स्टेशन है, जिसकी खुदाई का काम पूरा कर लिया गया है। जल्द ही स्टेशन निर्माण का कार्य भी शुरू कर लिया जाएगा। एमआईडीसी पैकेज 7 का हिस्सा है। पैकेज 7 के भूमिगत मार्ग तैयार करने का जिम्मा वैनगंगा 1,2,3 टीबीएम मशीन को दिया गया है। टीबीएम ने पैकेज 7 की खुदाई का काम पूरा कर लिया है। अप दिशा की तरफ 7 किलोमीटर और डाउन दिशा की तरफ 4 किलोमीटर तक मार्ग तैयार कर लिया गया है। पैकेज 7 के अंतर्गत मरोल नाका, एमआईडीसी और सीप्ज स्टेशन आते हैं। एमआईडीसी से महाराष्ट्र पासपोर्ट मुख्यालय, उद्योग सारथी भवन, आकृति बिज हब और मरोल डिपो को कनेक्ट किया गया है। मुंबईकरों को ट्रैफिक की समस्या से निजात दिलाने के लिए सरकार 33 हजार करोड़ रुपये मेट्रो 3 परियोजना पर खर्च कर रही है। वर्ष 2021 तक परियोजना का काम पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। 27 स्टेशनों वाले मेट्रो 3 कॉरिडोर में 26 स्टेशन भूमिगत होंगे।